
अगला क़दम...

# सक्षम

## (शैक्षणिक विकास- भाषा)



समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार



मनीष सिसोदिया
MANISH SISODIA

सत्यमेव जयते

उप मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट,
नई दिल्ली–110002

Deputy Chief Minister, GNCTD
Delhi Secretariat, I.P. Estate,
New Delhi-110002

## संदेश

नमस्कार!

मैं आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूँ। यह पुस्तिका आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत अभिभूत हो रहा हूँ जो कि हमारे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा एवं प्रगति की दिशा में अगला कदम है। हमारी सरकार हमेशा से ही पूर्ण निष्ठा एवं लगन से शिक्षा द्वारा समाज में परिवर्तन लाने और राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प है। यह उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्य धारा में लाये बिना पूरा नहीं किया जा सकता है।

कोरोना महामारी के दौरान भी सरकार की पूरी कोशिश रही है कि विशेष शिक्षा अध्यापक अपने विद्यार्थियों से अनवरत जुड़े रहें। गृह आधारित शिक्षा योजना एवं 'समर्थ' पुस्तिका में दी गई गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक आपके सहयोग से बच्चों को शिक्षा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराते रहे हैं।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चे वर्ष के किसी भी समय स्कूल में दाखिला ले सकते हैं। दाखिले की आयु सीमा में भी 4 साल की छूट दी गयी है। सभी स्कूलों को बाधामुक्त बनाया जा रहा है। स्कूलों से जुड़े सभी सदस्यों के लिए आवश्यकतानुसार ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं।

बच्चों की विशेष आवश्यकता की पहचान हेतु प्रत्येक वर्ष जिला स्तर पर चिकित्सकीय आकलन शिविर आयोजित करने के पश्चात् नामित बच्चों को उपयुक्त उपकरण/उपस्कर प्रदान किये जाते हैं। बच्चों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न सहायता राशियाँ जैसे दिव्यांग छात्राओं के लिये वज़ीफा, मार्गरक्षी-भत्ता, यात्रा-भत्ता, थेरेपी के लिए भत्ता, पठन-भत्ता, लेखन-भत्ता आदि प्रदान किये जाते हैं।

मैं उम्मीद करता हूँ कि अपने नाम के अनुरूप ही यह पुस्तक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भावी जीवन के लिए 'सक्षम' बनायेगी।

मनीष सिसोदिया
शिक्षा मंत्री, दिल्ली सरकार

**H. RAJESH PRASAD**
**IAS**

प्रधान सचिव ( शिक्षा/प्रशिक्षण व तकनीकी शिक्षा/ उच्च शिक्षा )
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष: 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

Pr. Secretary (Education/TTE/ HE)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187, Telefax : 23890119
E-mail : secyedu@nic.in



# संदेश

प्रिय बच्चों एवं अभिभावकों,

बड़े हर्ष का विषय है कि दिल्ली सरकार, शिक्षा विभाग की समावेशी शिक्षा शाखा के अथक प्रयास और कर्मठता का प्रतिबिंब यह गतिविधि पुस्तिका **'अगला कदम.... सक्षम'** प्रकाशित हो रही है। यह पुस्तिका विशेष आवश्यकता वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को कोरोना महामारी के समय में निरंतर और क्रमबद्ध मार्गदर्शन देने का प्रयास है। वर्तमान परिस्थितियों में, जब बच्चों का स्कूलों में आना संभव नहीं है, इस गतिविधि पुस्तिका के माध्यम से हमारे बच्चे घर पर रहकर अपने अभिभावकों व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ विभिन्न कौशलों का विकास कर पायेंगे।

"परिश्रम का फल मीठा होता है।" आपके किए गए प्रयास कल बच्चों के कौशल एवं व्यवहार में प्रतिबिंबित होंगे।

बच्चों, आप अपनी खूबियों को पहचाने। निरंतर अभ्यास से इनको निखारें और अपने जीवन पथ पर प्रगति करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पुस्तिका में दी गई गतिविधियाँ न केवल आज बल्कि भविष्य में भी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को यथासंभव आत्मनिर्भर बनाएंगी।

(एच. राजेश प्रसाद)
प्रधान सचिव (शिक्षा)

**UDIT PRAKASH RAI, IAS**
Director, Education & Sports

Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi
Room No. 12, Civil Lines
Near Vidhan Sabha,
Delhi-110054
Ph.: 011-23890172
Mob.: 8700603939
E-mail : diredu@nic.in



सत्यमेव जयते

# संदेश

प्रिय बच्चों एवं अभिभावकों,

यह प्रसन्नता का विषय है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीणविकास के लिए यह पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है।

हम सभी जानते हैं कि अभिभावक ही बच्चों के पहले गुरु होते हैं। वे ही अपने बच्चों की रुचियों एवं क्षमताओं से भली-भाँति परिचित होते हैं। कोविड-19 के दौरान अभिभावकों की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है जब बच्चे घर पर ही रहकर उनके साथ अधिक समय बिता रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए 'समावेशी शिक्षा शाखा' द्वारा प्रकाशित पुस्तिका में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संपूर्ण विकास हेतु हर संभव कोशिश की गयी है।पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद, विभिन्न प्रकार के सहगामी क्रियाकलाप एवं चित्रकला आदि के माध्यम से बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व को उनकी अभिरुचि एवं क्षमतानुसार निखारने और संवारने का सतत् प्रयास है।

आप और आपका परिवार स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे। जीवन में प्रगति-पथ पर सदैव अग्रसर रहे, यही मेरी शुभकामनाएँ हैं।

"चलो, अपनी उड़ान को नए पंख लगाते हैं,
अगला कदम.... सक्षम बनने की ओर बढ़ाते हैं।"

(उदित प्रकाश राय)
निदेशक (शिक्षा)

# प्रस्तावना

प्रस्तुत पुस्तिका मुख्यतः दिल्ली के सरकारी स्कूलों मे पढ़ रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए एक संदर्शिका के रूप में सहायक सिद्ध होगी। इस पुस्तिका का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के कौशलात्मक विकास में सहयोग देना है ताकि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान बच्चे घर पर ही रहकर दैनिक, शैक्षणिक व अन्य कौशलों को विकसित कर सकें एवं उनका सर्वांगीण विकास सुचारू रूप से चलता रहे।

इस पुस्तिका में दी गई गतिविधियों को समझने के लिए सरल भाषा के साथ चित्रों का प्रयोग किया गया है। अभिभावक इन गतिविधियों और चित्रों को सरलतापूर्वक समझकर आसानी से उपलब्ध होने वाले संसाधनों का प्रयोग करके बच्चों से नियमित अभ्यास करा सकेंगे।

इस पुस्तिका में विशेष शिक्षा पर आधारित शिक्षण पद्धति एवं विशेष तकनीक का प्रयोग किया गया है जिससे बच्चे के स्तर एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न कौशलों से सम्बंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से सिखाया जा सके।

कोरोना महामारी के दौरान समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षा सम्बंधित विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाते हुए यह पुस्तिका अभिभावकों के लिए पथ प्रदर्शक सिद्ध होगी।

समिति के सदस्य इस पुस्तक में दिये गये कुछ चित्रों को बनाकर स्वैच्छिक योगदान देने के लिए श्री नीलकमल सक्सेना के आभारी हैं।

आशा करते हैं कि प्रस्तुत पुस्तिका विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# दिशा-निर्देश

इस पुस्तिका की रचना का उद्देश्य कोरोना महामारी के दौरान अभिभावकों की सहायता से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का शैक्षणिक विकास करना है। इस पुस्तिका में मुख्य विषयों की आधारभूत संकल्पनाओं को सरल व रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है जिससे बच्चा घर पर ही रहकर अभिभावक की मदद से विभिन्न विषयों की पढ़ाई आसानी से कर सके। इस पुस्तिका को प्रभावशाली रूप से उपयोग करने के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है:-

1. इस पुस्तिका में बच्चों के लिए दी गई गतिविधियों को घर पर सिखाने में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।
2. इस पुस्तिका में सम्मिलित गतिविधियां, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत दी गई समस्त 21 दिव्यांगता वाले छात्र/ छात्राओं के लिए उपयोगी हैं।
3. इस पुस्तिका में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शैक्षणिक विकास हेतु हिन्दी एवं अंग्रेज़ी भाषाओं को लिया गया है।
4. इस पुस्तिका में विषयवस्तु को क्रमबध्द तरीके से सरल से कठिन की ओर बढ़ते हुए दिया गया है तथा गतिविधियों को तीन स्तरों में बाँटा गया है जिनका बच्चे की क्षमता के अनुसार चयन किया जा सकता है।
5. इस पुस्तिका में विषय की मुख्य अवधारणाओं को सहज रूप से बच्चे को समझाने के लिए विभिन्न वर्कशीट्स दी गई हैं जिनका प्रयोग अभिभावक विशेष शिक्षक के निर्देशन में करेंगे।
6. इस पुस्तिका में गतिविधियों को इस प्रकार निर्मित किया गया है जिससे बच्चे की सभी इंद्रियों का उपयोग करके शैक्षणिक कौशलों को आसानी से विकसित किया जा सके।
7. इन गतिविधियों के निरंतर अभ्यास से अभिभावक बच्चों के साथ घर रहकर ही उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए तैयार कर सकते हैं।
8. इस पुस्तिका में दी गई विषयवस्तु एनसीईआरटी की पाठयपुस्तकों से ली गई है।
9. अभिभावक पुस्तिका के बेहतर इस्तेमाल के लिए विद्यालय के विशेष शिक्षा अध्यापक या अध्यापिका की सलाह ले सकते हैं।
10. विशेष शिक्षा अध्यापक अपनी रचनात्मकता से इन गतिविधियों को और भी रुचिपूर्ण बना कर दिव्यांग छात्र/छात्राओं की आवश्यकता के अनुरूप प्रयोग कर सकते हैं।

# पुस्तक-समिति के सदस्य

## मुख्य संयोजक

**श्री उदित प्रकाश राय,** निदेशक(शिक्षा), शिक्षा निदेशालय, दिल्ली।

## संयोजक

**श्री रामचंद्र शिनगारे,** संयुक्त शिक्षा निदेशक, समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा विभाग, दिल्ली।

## संयोजक सदस्य

**श्री अजय कुमार सिंह,** विशेष कार्याधिकारी/राज्य समन्वयक, समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा विभाग, दिल्ली।

**श्री रवि के. एम.,** अकादमिक समन्वयक, समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा विभाग, दिल्ली।

**श्री इंद्राज,** अकादमिक समन्वयक, समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा विभाग, दिल्ली।

**श्री विक्रमजीत,** अकादमिक समन्वयक, समावेशी शिक्षा शाखा, शिक्षा विभाग, दिल्ली।

**श्री बिमल कुमार,** समन्वयक (समावेशी शिक्षा) समग्र शिक्षा, दिल्ली।

## कार्यकारी सदस्य

सभी सदस्य शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार के विभिन्न स्कूलों में प्रशिक्षित स्नातक (विशेष शिक्षा अध्यापक) के पद पर कार्यरत हैं-

**श्री दानिश हसन हाशमी,** राजकीय सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर.के. पुरम, नई दिल्ली।

**श्रीमती दिव्या,** राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बी-1, वसन्त कुन्ज, नई दिल्ली।

**सुश्री मीनाक्षी गंगवार,** सर्वोदय कन्या विद्यालय, पंडारा रोड, नई दिल्ली।

**श्रीमती मेघा तिवारी,** सर्वोदय कन्या विद्यालय, गेकुलपुरी, दिल्ली।

**श्रीमती नीलम शर्मा,** सर्वोदय सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नानक पुरा, मोतीबाग-2, नई दिल्ली।

**श्रीमती प्रीति शर्मा,** राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, लाल कुआँ न.-1, दिल्ली।

**श्रीमती रोहिना किलम,** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, कालकाजी, दिल्ली।

**श्रीमती सारिका सिंह,** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालिका विद्यालय न.-3, अम्बेडकर नगर, नई दिल्ली।

**श्रीमती स्वाति शर्मा,** सर्वोदय कन्या विद्यालय, माता सुंदरी रोड, नई दिल्ली।

**श्री वकील अहमद,** राजकीय बाल माध्यमिक विद्यालय, मयूर विहार, फेस-3, दिल्ली।

# विषय-सूची


| क्र. संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **(I)** | **हिन्दी** | **1-18** |
| **1.** | **वर्ण से वाक्य तक** | 1-4 |
| **2.** | **चित्र वर्णन** | 5-8 |
| **3.** | **पत्र लेखन** | 9-13 |
| **4.** | **कविता** | 14-18 |
| **(II)** | **अंग्रेजी** | **19-32** |
| **1.** | **Picture Comprehension** | 19-22 |
| **2.** | **Letter Writing** | 23-26 |
| **3.** | **Poem** | 27-32 |

## (I) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): हिन्दी

### 1.गतिविधि का नाम: वर्ण से वाक्य तक। खेल-खेल में पढ़ना और लिखना।

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | बच्चे में हिन्दी भाषा का विकास करना। |
| **अधिगम लाभ** | बच्चे को भाषा के तीनों आयामों- बोलने, पढ़ने और लिखने में उसके स्तर के अनुसार निपुण बनाना। |

| 1 (क) गतिविधि स्तर- 1 | 1 (ख) गतिविधि स्तर-2 | 1 (ग) गतिविधि स्तर-3 |
|---|---|---|
| वर्ण/अक्षरों को पहचानने और शब्द बनाने का खेल। | शब्दों का अर्थ समझने और लिखने का खेल। | शब्दों का वाक्य में प्रयोग करना और लिखना। |
| **प्रक्रिया** | | |
| **1.** वर्कशीट-1 में दिए गये वर्णों को काट कर डिब्बे में डालें।<br>**2.** बच्चे से कोई भी दो पर्ची निकलवायें। फिर दूसरा सदस्य भी एक पर्ची निकाले।<br>**3.** पहले बच्चे से दोनों पर्चियों के वर्णों को पहचानने को कहें। अब दोनों वर्णों में से किसी एक से सार्थक शब्द बनाने का मौका दें।<br>**4.** यदि शब्द न बने तो अपनी पर्ची भी दें और तब शब्द बनाने को कहें। (प्रारम्भ में आप मदद करें।)<br>**5.** वर्णों/अक्षरों के पहचानने के 2 अंक और शब्द बना लेने पर 3 अंक दें और लिखें। इसके विपरीत 0 (शून्य) अंक दें।<br>**6.** यह खेल एक बार में 5 शब्द बनाने तक खेलें। यदि बच्चे के अंक 15 या उससे अधिक आते हैं तो वह इस खेल का विजेता होगा। | **1.** वर्कशीट-2 में दिये गये शब्दों को छोटी पर्चियों पर लिखें या इन पर्चियों को काट कर एक डिब्बे में रखें।<br>**2.** बच्चे से कोई भी एक पर्ची निकलवायें और उसको पढ़कर अर्थ बताने को कहें। फिर कॉपी में लिखवायें।<br>**3.** ठीक से पढ़ने पर 1 अंक, अर्थ बताने पर 2 अंक और सही लिखने पर 2 अंक दें। यदि किसी बात में मदद दी जाये तो 0 (शून्य) अंक दिया जाये।<br>**4.** दोनों अवस्थाओं में शब्द और उसका अर्थ कॉपी में लिखवायें।<br>**5.** यह खेल 10 शब्दों के अर्थ समझने तक खेलें। यदि बच्चे के 30 अंक आते हैं तो उसको इस खेल का विजेता घोषित करें। इससे कम अंक आने पर खेल दोबारा खेलें। | **1.** वर्कशीट-3 में दिये गये शब्दों को काट कर अलग करें या छात्र के स्तर के अनुसार कम से कम 20 शब्द लिखकर एक डिब्बे में डालें।<br>**2.** बच्चे से एक पर्ची निकालकर अर्थ बताने और उसका वाक्य में प्रयोग करने को कहें। उसके बाद शब्द से सम्बंधित बातों को मौखिक रुप से बताने को कहें।<br>**3.** शब्द का अर्थ बताने पर 1-अंक, वाक्य में प्रयोग करने पर 2-अंक और लिखने पर 2 अंक दें। यदि किसी बात में मदद दी जाये तो 0 (शून्य) अंक दिया जाये।<br>**4.** यह खेल 10 शब्दों को वाक्य में प्रयोग करने तक खेलें। यदि बच्चे के 30 अंक आते हैं तो उसको इस खेल का विजेता घोषित करें। इससे कम अंक आने पर खेल दोबारा खेलें। |
| **आवश्यक सामग्री** | | |
| वर्ण/अक्षर की पर्चियाँ, छोटा बॉक्स, एक कॉपी और पेन। | शब्दों की पर्चियाँ, छोटा बॉक्स, एक कॉपी और पेन। | शब्दों की पर्चियाँ, छोटा बॉक्स, एक कॉपी और पेन। |

**वर्कशीट**

**गतिविधि-1 (स्तर-1)**

**खेलने के लिए शीट को काट कर रखें।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ |
| औ | अं | अः | | | | | | | |
| क | ख | ग | घ | ङ | च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म | य | र | ल | व | श |
| ष | स | ह | क्ष | ज्ञ | त्र | श्र | | | |
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ |
| औ | अं | अः | | | | | | | |
| क | ख | ग | घ | ङ | च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म | य | र | ल | व | श |
| ष | स | ह | क्ष | ज्ञ | त्र | श्र | | | |

वर्कशीट

गतिविधि-1 (स्तर 2)

खेलने के लिए शीट को काट कर रखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आम | अंगूर | केला | अनार | सेब | लीची |
| लाल | पीला | हरा | नीला | काला | सफेद |
| तोता | कौआ | कबूतर | मोर | चील | मुर्गी |
| शेर | बंदर | लोमड़ी | हिरन | गाय | बकरी |
| मीठा | खट्टा | कड़वा | नमकीन | फीका | चटपटा |
| मामा | पापा | चाचा | दादा | नानी | मौसी |
| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून |
| जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर |
| गोभी | आलू | मूली | गाजर | मटर | प्याज़ |
| चमेली | गेंदा | कमल | गुलाब | गुड़हल | चम्पा |
| पंजाब | दिल्ली | केरल | बिहार | गोआ | असम |
| बर्मा | श्रीलंका | नेपाल | भूटान | तिब्बत | बांग्लादेश |
| भाई | बहन | बेटा | बेटी | चाचा | बुआ |
| हलवा | दाल | चावल | चपाती | चाय | दूध |
| पाजामा | शर्ट | पैंट | कुर्ता | फ्रॉक | स्वेटर |
| साड़ी | जूता | टाई | कैप | चश्मा | डण्डा |

## वर्कशीट

## गतिविधि-1 (स्तर-3)

**खेलने के लिए शीट को काट कर रखें।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्यों | पक्ष | जगह | अलग | कर | पेड़ | लेना |
| पूछना | गया | निर्मित | बारी | बात | पार | प्राप्त |
| पुरुष | अब | जीना | कारण | देखना | खेत | रेखा |
| परिवर्तन | लागत | जहाँ | ज्यादा | उसे | कठिन | नीचे |
| गया | सिर | के बाद | मतलब | दो | शुरुआत | कायर |
| प्रकाश | खड़े | वापस | पहले | बाद | होना | चोर |
| तरह | खुद | थोड़ा | चाल | देखो | कहानी | समाज |
| बंद | पेज | केवल | सही | अधिक | देखा | स्कूल |
| आवश्यकता | चाहिए | दौर | लड़का | दिन | दूर | काला |
| घर | देश | आदमी | पुराना | सकता है | समुद्र | रायता |
| तस्वीर | पाया | वर्ष | भी | जाना | आकर्षित | जलेबी |
| कोशिश | जवाब | आया | वही | आकाश | छोड़ा | महीना |
| हमें | स्कूल | शो | वह | किया | देर से | दिन |
| फिर | बढ़ने | हर | सब | संख्या | चलाने | घूमना |
| पशु | अध्ययन | अच्छा | वहाँ | ध्वनि | नहीं | खेल |
| बिंदु | अब तक | मुझे | जब | नहीं | जबकि | रात |
| माँ | सीखना | दे | ऊपर | सबसे | इन | दिल |
| दुनिया | संयंत्र | हमारे | उपयोग | लोग | उसके | मानव |
| निकट | कवर | नीचे | अपने | मेरे | लंबा समय | आदमी |
| बनाना | भोजन | नाम | रास्ता | अधिक | माली | मालिक |
| आत्म | सूरज | बहुत | के बारे में | पता | पिछले | आग |
| पृथ्वी | चार | माध्यम | कई | पानी | चलो | कभी नहीं |
| पिता | के बीच | बस | तो | से | सोचा | जैसा |
| किसी भी | राज्य | फार्म | उन्हें | कॉल | शहर | मई |
| नई | रखना | वाक्य | लिखना | पहले | कहना | कम |
| काम | आंख | महान | होगा | कौन | मदद | हिस्सा |
| राजा | भारत | चालाक | बालक | दीपावली | मोती | रानी |
| आवाज़ | विश्वास | घातक | जानवर | प्यासा | जेवर | पानी |

# (I) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): हिन्दी


**2.गतिविधि का नाम:- चित्र वर्णन।**

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | शैक्षणिक(एकेडेमिक्स) विकास। |
| **अधिगम लाभ** | संज्ञानात्मक(कॉगनीटिव) विकास, लेखन कौशल का विकास, हिन्दी भाषा की समझ एवं शब्द कोश में वृद्धि। |

| **8 (क) गतिविधि स्तर- 1** | **8 (ख) गतिविधि स्तर- 2** | **8 (ग) गतिविधि स्तर- 3** |
|---|---|---|
| चित्र वर्णन (चित्र को समझकर मौखिक उत्तर देना)। | चित्र वर्णन (चित्र को समझकर लिखित उत्तर देना)। | चित्र वर्णन (चित्र सम्बंधित कहानी लिखना)। |
| | **प्रक्रिया** | |
| 1.बच्चे को नमूने में दिए गए चार्ट दिखाना जिसमे सूरज, ब्रेड, गिलास, अंडा, कप, लड़की, लड़का, टेबल, कुर्सी, माता, पिता इत्यादि के चित्र बने हुए है \|<br>2.बच्चे से यह पूछना कि चार्ट में उन्हें कौन- कौन सी चीज़ें दिख रही है\|<br>3.बच्चे को चीज़ों के सही नाम बताने पर शाबाशी देना एवं बाकी चित्रों के नाम बताना \|<br>4.अब बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>5.बच्चे से पूछना कि चित्र में क्या-क्या चीज़ें दिख रही है \|<br>6.बच्चे से यह पूछना कि चित्र देखकर उन्हें क्या समझ आ रहा है \|<br>7.बच्चे को अपने विचार व्यक्त करने का मौका देना \| | 1.बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>2.बच्चे को चित्र का उपयुक्त शीर्षक बताने को कहना \|<br>3.बच्चे को वर्कशीट देना एवं उसमें पूछे गए चित्र सम्बंधित प्रश्नों को एक-एक करके पढ़ने के लिए कहना।<br>4.बच्चे को आवश्यकतानुसार मौखिक/ सांकेतिक सहायता प्रदान करना \|<br>5.बच्चे को वर्कशीट में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना।<br>6.यदि बच्चा लिखने में असमर्थ हो तो मौखिक तौर पर प्रश्नों के उत्तर दे सकता है। | 1.बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>2.बच्चे को चित्र में दिखाए गए किरदारों के नाम रखने को कहना \|<br>3.बच्चे को इन किरदारों को ध्यान में रखते हुए वर्कशीट में चित्र सम्बंधित कहानी लिखने को कहना \|<br>4.बच्चे को कहानी का उपयुक्त शीर्षक भी लिखने को कहना \|<br>5.यदि बच्चा लिखने में असमर्थ हो तो मौखिक तौर पर कहानी एवं उसका शीर्षक बता सकता है \| |
| | **आवश्यक सामग्री** | |
| चार्ट, वर्णन हेतु चित्र। | वर्कशीट, पेन/पेंसिल। | वर्कशीट, पेन/पेंसिल। |

**चित्र/वर्कशीट का प्रारूप-**

**स्तर-1**



**स्तर-2**



**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 2**

**(स्तर- 2)**

**नाम** - ________________ **दिनांक**-______________

**कक्षा**- ________________



**दिए गए चित्र को देखिए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. दिए गए चित्र का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

| उत्तर-: |
|---|

2. चित्र में परिवार के कितने सदस्य है ?

| उत्तर-: |
|---|

3. चित्र में चाय कौन पी रहा है ?

| उत्तर-: |
|---|

4. चित्र में नाश्ते की कौन -कौन सी चीज़े नजर आ रही है-?

| उत्तर-: |
|---|

5. चित्र में मेज पर कितने गिलास है ?

| उत्तर-: |
|---|

6. चित्र के बारे में 4-5 वाक्य लिखिए।

| उत्तर-: |
|---|
| |
| |
| |
| |

वर्कशीट

**गतिविधि संख्या- 2**

**(स्तर- 3)**

**नाम -** ________________ **दिनांक-**______________

**कक्षा-** ________________

दिए गए चित्र से सम्बंधित कहानी लिखिए एवं इस कहानी का एक उपयुक्त शीर्षक भी लिखिए।



## (I) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): हिन्दी

**3.गतिविधि का नाम:- पत्र लेखन।**

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | शैक्षणिक(एकेडेमिक्स) विकास। |
| **अधिगम लाभ** | संज्ञानात्मक(कॉगनीटिव) विकास, सामाजिक विकास, लेखन कौशल का विकास एवं अभिव्यक्ति (भाषा) को बढ़ाना। |

| **3.(क) गतिविधि स्तर- 1** | **3. (ख) गतिविधि स्तर- 2** | **3. (ग) गतिविधि स्तर- 3** |
|---|---|---|
| पत्र से सम्बंधित चीज़ों की जानकारी। | पत्र लेखन की जानकारी। | पत्र लेखन (स्वयं पत्र लिखना)। |
| **प्रक्रिया** | | |
| 1.बच्चे को लेटर बॉक्स का चित्र दिखाना ।<br>2. बच्चे से लेटर बॉक्स से सम्बंधित प्रश्न पूछना जैसे, "क्या आपने इस बॉक्स को कहीं देखा है?"<br>3. बच्चे को अपने विचार व्यक्त करने का मौका देना।<br>4.बच्चे को लेटर बॉक्स के बारें में जानकारी देना जैसे- यह लाल रंग का होता है, इसके अंदर पत्र (चिट्ठी) डालते है।<br>5.बच्चे को इसी प्रकार एक-एक करके डाकघर (पोस्ट ऑफिस), पत्र (चिट्ठी), टिकट के चित्र दिखाना एवं बच्चे से इनके बारें में पूछना कि आपने इन चीज़ों को पहले कभी देखा है?<br>6.बच्चे को अपने विचार व्यक्त करने का मौका देना ।<br>7.बच्चे को पत्र (चिट्ठी) से सम्बंधित निम्नलिखित चीज़ों की जानकारी देना।<br>8.डाकघर (पोस्ट ऑफिस) - लेटर बॉक्स में से पत्र (चिट्ठी) एकत्र कर के डाकघर | 1.बच्चे से पूछना कि इस बार दिवाली का त्यौहार पिछली बार की दिवाली से कैसे अलग था?<br>2.बच्चे को अपने विचार व्यक्त करने का मौका देना ।<br>3.बच्चे को कहना इस बार कोविड के कारण दिवाली पर हम अपने परिजनों से मिलने उनके घर/गाँव नहीं जा पाए इसलिए हम उन्हें पत्र लिखकर बताएँगे कि इस बार हमने दिवाली कैसे मनाई ।<br>4.अब बच्चे को पत्र/चिट्ठी से सम्बंधित जानकारी देना जैसे- पत्र दोस्त/भाई/बहन /परिजनों को भेजते है जो दूर रहते हैं। पत्र में अपना हालचाल एवं जरूरी जानकारी/ खबर लिखते है।<br>5.बच्चे को नमूने में दिए गए चार्ट की सहायता से बताना कि पत्र को हम निम्नलिखित पाँच भागों में बाँटते है:-<br>i) सम्बोधन (address) - मेरा प्रिय मित्र, आदरणीय दादा जी इत्यादि ।<br>ii) अभिवादन- प्रणाम, नमस्ते, नमस्कार इत्यादि ।<br>iii) विषय वस्तु- अपनी इच्छानुसार अपने विचार/भाव व्यक्त करना ।<br>iv) समापन- आपका आज्ञाकारी | 1.बच्चे से पत्र सम्बंधित प्रश्न पूछना, जैसे- "आपने कभी पत्र पढ़ा है", "पत्र में क्या -क्या जानकारी देते है" इत्यादि ।<br>2.अब बच्चे कि जानकारी को आगे बढ़ाते हुए बच्चे को कलर कोडिंग के साथ लिखा हुआ एक पत्र दिखाना ।<br>3.पत्र में रंगो से दर्शाये हुए अलग-अलग भागों को बच्चे को दिखाना जैसे- पत्र का सम्बोधन (हरा), अभिवादन (लाल), विषय वस्तु (नीला), समापन सूचक शब्द (पीला) एवं प्रेषक का नाम तथा हस्ताक्षर व दिनांक (गुलाबी) ।<br>4.अब बच्चे को पत्र के भागों की निम्नलिखित जानकारी विस्तार से देना:-<br>i)सम्बोधन(हरा)- पत्र में सम्बोधन शब्द का प्रयोग प्राप्तकर्ता के नाम से पहले लिखा जाता है जैसे प्रिय मित्र, आदरणीय चाचा जी ,पूज्य पिताजी ।<br>ii)अभिवादन (लाल)-पत्र में अभिवादन शब्द संबोधन शब्दों के नीचे थोड़ा हटकर संबंध के अनुसार उपयुक्त अभिवादन शब्द जैसे- सादर प्रणाम, नमस्ते, नमस्कार आदि लिखते है ।<br>iii)विषय वस्तु (नीला) -पत्र में विषय |

| | | |
|---|---|---|
| (पोस्ट ऑफिस) लाया जाता है, डाकघर (पोस्ट ऑफिस) में पत्र, टिकट (पत्र के ऊपर लिफ़ाफे पर चिपकाने के लिए) मिलते है ।<br>9.पत्र (चिट्ठी) - पत्र दोस्त/ भाई/ बहन/ परिजनों को भेजते है जो दूर रहते है, पत्र में अपना हालचाल एवं जरूरी जानकारी लिखते है ।<br>10.टिकट- पत्र (चिट्ठी) को लिफाफे में रखते हैं एवं लिफ़ाफ़े के ऊपर टिकट चिपकाते है, टिकट दूरी के अनुसार अलग- अलग दामों की होती है।<br>11.बच्चे को लेटर बॉक्स, डाकघर (पोस्ट ऑफिस), पत्र (चिट्ठी) एवं टिकट का चित्र पहचानकर एक-एक करके उनके नाम बताने को कहना।<br>12.बच्चे को वर्कशीट देना एवं लिखे गए निर्देशों को पढ़कर बताना।<br>13.दी गई वर्कशीट में पत्र (चिट्ठी) से सम्बंधित चीज़ों के चित्र पहचान कर गोला लगाने को कहना। | इत्यादि ।<br>v) प्रेषक का नाम, हस्ताक्षर एवं दिनांक- पत्र लिखने वाले का नाम, हस्ताक्षर एवं दिनांक लिखते है ।<br>6. अब बच्चे से पूछना कि वह सबसे पहले किसको पत्र लिखना चाहता है ।<br>7. बच्चे द्वारा नाम बताए जाने पर दी गई वर्कशीट में सबसे ऊपर बायीं ओर दिए गए खाली स्थान में उसका नाम लिखने को कहना जिसको वह पत्र लिखना चाहता हे (दोस्त/भाई/बहन /परिजन) ।<br>8. बच्चे को पत्र के मध्य भाग में दिवाली से सम्बंधित कुछ वाक्य लिखने को कहना (क्षमतानुसार कुछ शब्द अथवा चित्र बनाने को भी कह सकते है) ।<br>9. बच्चे को दी गई वर्कशीट में नीचे बायीं ओर दिए गए खाली स्थान में अपना नाम एवं उसके नीचे दिनांक लिखने को कहना ।<br>अभिभावक इसी प्रकार बच्चे को अन्य परिजनों/दोस्तों/भाई/बहन को पत्र लिखने के लिए प्रेरित करें ।<br>10.आवश्यकतानुसार बच्चे को मौखिक/सांकेतिक सहायता प्रदान करें। | वस्तु में मूल सामग्री लिखते है इसमें परिस्थिति और आवश्यकतानुसार विषय में परिवर्तन हो जाता है(जैसे मेरी परीक्षा बहुत अच्छे से संपन्न हो गयी है, अब मैंने डांस क्लास ज्वाइन कर ली है। मैं आपसे छुट्टियों में मिलने आऊंगा/ आऊंगी) ।<br>iv)समापन सूचक शब्द(पीला) - विषय वस्तु की समाप्ति के बाद बायीं तरफ नीचे लिखा जाता है जैसे- आपका आज्ञाकारी, भवदीय, तुम्हारा अभिन्न मित्र ।<br>v)प्रेषक का नाम, हस्ताक्षर एवं दिनांक((गुलाबी)- पत्र में सबसे नीचे बायीं ओर प्रेषक का नाम( जो पत्र लिख रहा है), हस्ताक्षर एवं दिनांक लिखते है ।<br>5. अब बच्चे को एक कागज़ देना एवं क्षमतानुसार गर्मी की छुट्टियों पर पत्र लिखने को कहना ।<br>6.बच्चे को आवश्यकतानुसार मौखिक/ सांकेतिक सहायता प्रदान करें।<br>7.बच्चे को स्वतंत्र रूप से विभिन्न विषयों (जैसे- परीक्षा कैसी रही, ऑनलाइन पढ़ाई कैसी चल रही हे) पर स्वयं पत्र लिखने को प्रेरित करना। |
| **आवश्यक सामग्री** | | |
| क्रेयॉन, वर्कशीट, पेंसिल, पत्र , डाकघर (पोस्ट ऑफिस), टिकट ,लेटर बॉक्स के चित्र | वर्कशीट, कागज़, पेन/पेंसिल | वर्कशीट, कागज़ , पेन/पेंसिल, स्केच पेन |

चित्र/वर्कशीट का प्रारूप-

स्तर-1




स्तर-2




स्तर-3

प्रिय मित्र चारु

नमस्ते

आजकल मेरी नानी जी यहाँ आई हुई हैं। वे खूब मज़ेदार कहानियाँ सुनाती हैं। वे हमारे साथ कैरम बोर्ड भी खेलती हैं। उन्होंने मुझे कई खेल भी सिखाए हैं। उन्होंने मुझे खाना बनाना भी सिखाया है। वे बहुत स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर खिलाती हैं।

तुम जब गाँव से वापस आओगी तब मैं तुम्हे अपनी नानी से मिलाऊँगी। तुम जल्दी से वापस आ जाओ। हम सब तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। अंकल आंटी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारी दोस्त

अंजलि

10 -11 -2020

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 3**

**(स्तर- 1)**

**नाम - ________________** **दिनांक-_______________**

**कक्षा- ________________**

**दिए गए चित्र में पत्र (चिट्ठी) से सम्बंधित चीज़ों के चित्र पहचान कर गोला लगाएँ।**



वर्कशीट

गतिविधि संख्या- 3

(स्तर- 2)

नाम - ________________ दिनांक-_______________

कक्षा- ________________

खाली बॉक्स को भरते हुए अपने मित्र को दिवाली के त्यौहार से सम्बंधित पत्र लिखें।

(नोट:- बच्चा विषय वस्तु के स्थान पर क्षमतानुसार कुछ शब्द अथवा चित्र भी बना सकता है)

**प्रिय मित्र** [ ]

**नमस्ते**

[ ]

**तुम्हारी दोस्त**

[ ]

[ ]

## (I) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): हिन्दी

**4.गतिविधि का नाम :कविता पढ़ने का कौशल/पठन-कौशल।**

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | बच्चा कविता को पढ़कर उसका भाव समझ सकेगा। |
| **अधिगमलाभ** | बच्चा कविता के अर्थ व रस को समझ पाएगा। |

| **4 (क) गतिविधि स्तर 1** | **4 (ख) गतिविधि स्तर 2** | **4 (ग) गतिविधिस्तर 3** |
|---|---|---|
| कविता–ऊँट चला। | कविता–खिलौने वाला। | कविता–झाँसी की रानी। |
| | **प्रक्रिया** | |
| 1. नीचे दी गई कविता ऊँट के बारे में है।<br>2. बच्चे को बताएं कि यह एक रेगिस्तानी जानवर है जो कई महीनों तक बिना पानी पिए रह सकता है।<br>3. बच्चे को बताएं कि ऊँट की पीठ पर कूबड़ होता है और गर्दन लंबी होती है।<br>4. अगर बच्चे ने ऊँट का चित्र नहीं देखा है तो चित्र दिखाकर ऊंट के बारे में बच्चे से पूछें। बच्चे को कविता पढ़कर सुनायें।<br>5. बच्चे को अपने पीछे–पीछे कविता दोहराने को कहें। | 1. इस कविता में अलग-अलग तरह के खिलौनों के बारे में बात की गई है।<br>2. बच्चों को अपने खिलौने बहुत प्रिय होते हैं। बच्चे से उसके मनपसंद खिलौनों के बारे में बातचीत करें।<br>3. बच्चा अपनी मां से अपने प्रेम और जुड़ाव को भी कविता के माध्यम से व्यक्त कर रहा है।<br>4. बच्चे के साथ-साथ स्वर में कविता गाएं। | 1. नीचे दी गई कविता झाँसी की रानी के बारे में है। वे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना थीं। जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए अंग्रेजों के साथ युद्ध किया था।<br>2. कविता में झाँसी की रानी के साहस, शौर्य और वीरता के गुणों के बारे में जोर दिया गया है।<br>3. बच्चे को बताएं कि वे बचपन से ही बहादुर और युद्ध कला में निपुण थीं जिससे कि बच्चा उनके गुणों से प्रेरित हो सके।<br>4. झाँसी की रानी देश-प्रेम से ओत-प्रोत थीं और उन्होंने अपनी प्रजा को भी अंग्रेज़ों के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रेरित किया।<br>5. बच्चे को कविता गाकर सुनाएं। |

# 1. ऊँट चला

ऊँट चला, भई ऊँट चला
हिलता डुलता ऊँट चला।

इतना ऊँचा ऊँट चला
ऊँट चला, भई ऊँट चला।

ऊँची गर्दन, ऊँची पीठ
पीठ उठाए ऊँट चला।



1

2019-2020

बालू है, तो होने दो
बोझ ऊँट को ढोने दो।

नहीं फँसेगा बालू में
बालू में भी ऊँट चला।

जब थककर बैठेगा ऊँट
किस करवट बैठेगा ऊँट?

बता सकेगा कौन भला
ऊँट चला, भई ऊँट चला।



2

2019-2020

# 3 खिलौनेवाला



वह देखो माँ आज
खिलौनेवाला फिर से आया है।
कई तरह के सुंदर-सुंदर
नए खिलौने लाया है।
हरा-हरा तोता पिंजड़े में
गेंद एक पैसे वाली
छोटी-सी मोटर गाड़ी है
सर-सर-सर चलने वाली।
सीटी भी है कई तरह की
कई तरह के सुंदर खेल
चाभी भर देने से भक-भक
करती चलने वाली रेल।
गुड़िया भी है बहुत भली-सी
पहिने कानों में बाली
छोटा-सा 'टी सेट' है
छोटे-छोटे हैं लोटा-थाली।
छोटे-छोटे धनुष-बाण हैं
हैं छोटी-छोटी तलवार
नए खिलौने ले लो भैया
ज़ोर-ज़ोर वह रहा पुकार।
मुन्नू ने गुड़िया ले ली है
मोहन ने मोटर गाड़ी
मचल-मचल सरला कहती है
माँ से लेने को साड़ी
कभी खिलौनेवाला भी माँ



मुझे दे दिए पैसे चार
कौन खिलौना लेता हूँ मैं
तुम भी मन में करो विचार।
तुम सोचोगी मैं ले लूँगा।
तोता, बिल्ली, मोटर, रेल
पर माँ, यह मैं कभी न लूँगा
ये तो हैं बच्चों के खेल।
मैं तलवार खरीदूँगा माँ
या मैं लूँगा तीर-कमान
जंगल में जा, किसी ताड़का
को मारूँगा राम समान।
तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों-
को मैं मार भगाऊँगा
यों ही कुछ दिन करते-करते
रामचंद्र बन जाऊँगा।
यहीं रहूँगा कौशल्या मैं
तुमको यहीं बनाऊँगा।
तुम कह दोगी वन जाने को
हँसते-हँसते जाऊँगा।
पर माँ, बिना तुम्हारे वन में
मैं कैसे रह पाऊँगा।
दिन भर घूमूँगा जंगल में
लौट कहाँ पर आऊँगा।
किससे लूँगा पैसे, रूठूँगा
तो कौन मना लेगा
कौन प्यार से बिठा गोद में
मनचाही चीज़ें देगा।



*सुभद्रा कुमारी चौहान*

21

2020-21

# 10. झाँसी की रानी



सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नयी जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी,
दूर फ़िरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी,

चमक उठी सन् सत्तावन में
वह तलवार पुरानी थी।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो

70 वसंत

कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी,
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,
बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी,

वीर शिवाजी की गाथाएँ
उसको याद ज़बानी थीं।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी।।

लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,
देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार,
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवार,

महाराष्ट्र-कुल-देवी उसकी
भी आराध्य भवानी थी।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी।।

हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में,
ब्याह हुआ रानी बन आई लक्ष्मीबाई झाँसी में,
राजमहल में बजी बधाई खुशियाँ छाई झाँसी में,
सुभट बुंदेलों की विरुदावलि-सी वह आई झाँसी में,

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 4**

**(स्तर- 1)**

**नाम -** ________________ **दिनांक-**_______________

**कक्षा-** ________________

प्र. 1) कविता में "ऊँ" से शुरु होने वाले शब्द गिनकर लिखें।

उत्तर –

प्र. 2) कविता में "ऊँ" एवं "ब" से शुरु होने वाले किन्ही 2 शब्दों का नाम लिखें।

| | | |
|---|---|---|
| ऊँ | | |
| ब | | |

प्र. 3) अपने आस-पास देखो या माता-पिता से पूछें और किन्ही दो ऊँचे जानवरों के नाम लिखें।

उत्तर–

प्र 4) अपने सबसे लम्बे/ऊँचें दोस्त का नाम लिखें। उसके बारे में 4 पंक्ति सुनाओ।

उत्तर–

1.
2.
3.
4.

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 4**

**(स्तर- 2)**

**नाम -** ________________ **दिनांक-**_______________

**कक्षा-** ________________

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र. 1) खिलौनेवाले के पास कौन-कौन से खिलौने हैं? किन्ही चार खिलौनों के नाम बताओ।

प्र. 2) बच्चा खिलौने वाले से कौन से खिलौने खरीदना चाहता है?

प्र. 3) रिक्त स्थान भरो:-

क) मुन्नू ने कौन सा खिलौना खरीदा? ________________

ख) मोहन ने क्या लिया? ________________

ग) सरला ने क्या लिया? _________________

प्र 4) अपने 1 मनपसंद खिलौने का नाम लिखें। उसके बारे में कोई 4 बातें बताओ।

प्र 5) अपने मनपसंद खिलौने का चित्र बनाओ।

**वर्कशीट**

**गतिविधि 4. स्तर 3**

**नाम:** **कक्षा:**

**दिनांक:**

प्रश्नों के उत्तर दें:-

प्र. 1) झांसी की रानी कविता में लक्ष्मीबाई को मर्दानी क्यों कहा गया है?

प्र. 2) झांसी की रानी बचपन में कौन कौन से खेल खेलती थी?

प्र. 3) "बुझा दीप झांसी का जब डलहौजी मन में हर्षाया,

राज्य हड़प करने का उसने यह अच्छा अवसर पाया,

फौरन फौजें भेज दुर्ग पर अपना झन्डा फहराया,

लावारिस का वारिस बनकर ब्रिटिश राज्य झांसी आया,"

डलहौजी ने किस विचारधारा से झांसी पर आक्रमण किया था?

प्र. 4) आप झांसी की रानी कविता से क्या सीख लेते हो, अपने शब्दों में बताओ।

प्र. 5) झांसी की रानी कविता से कोई 2-2 तुकान्त शब्द लिखो:-

क) अकेली- ______________, ________________

ख) मर्दानी- ______________, _________________

ग) अवतार- _________________, ________________

घ) घात- _______________, _________________

ङ) मैदानों- _______________, ________________

प्र. 6) लक्ष्मीबाई द्वारा प्रयोग किये जाने वाले हथियारों के चित्र बनाओ।

प्र. 7) "लेकिन आज जुर्म कहलाती, उनकी जो कुर्बानी थी।"

उपरोक्त पंक्ति में किसकी कुर्बानी को जुर्म कहा गया है, अपने शब्दों में लिखें।

## (II) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स):English

**1.गतिविधि का नाम:- Picture Comprehension (चित्र वर्णन)**


| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | शैक्षणिक(एकेडेमिक्स) विकास। |
| **अधिगम लाभ** | संज्ञानात्मक(कॉगनीटिव) विकास, लेखन कौशल का विकास, अंग्रेजी भाषा की समझ एवं शब्द कोश में वृद्धि। |

| 1 (क) गतिविधि स्तर- 1 | 1(ख) गतिविधि स्तर- 2 | 1(ग) गतिविधि स्तर- 3 |
|---|---|---|
| चित्र वर्णन (चित्र को समझकर मौखिक उत्तर देना जिसमे अंग्रेजी के सामान्य शब्दों का प्रयोग हो)। | चित्र वर्णन (चित्र को समझकर मौखिक/लिखित उत्तर देना जिसमे अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग हो)। | चित्र वर्णन (चित्र को समझकर लिखित उत्तर देना जिसमे अंग्रेजी के वाक्यों का प्रयोग हो)। |
| **प्रक्रिया** | | |
| 1.बच्चे को नमूने में दिए गए चार्ट दिखाना जिसमे सामान्य चीज़े जैसे- घड़ी (clock), सूरज (sun), खिड़की (window), परदे (curtain), कमीज़ (shirt) ,लड़की (girl), सुबह (morning), बिस्तर (bed) बनी हुई है\|<br>2.बच्चे से यह पूछना कि चार्ट में उन्हें कौन- कौन सी चीज़ें दिख रही है \|<br>3.बच्चे को चीज़ों के सही नाम बताने पर शाबाशी देना \|<br>4.अब बच्चे को एक-एक करके इन चीज़ों के अंग्रेजी नाम बताना जैसे- "घड़ी को अंग्रजी में clock कहते है“ \|<br>5.इसी प्रकार बच्चे को बाकी चीज़ों के अंग्रेजी नाम बताना \|<br>6.बच्चे को चार्ट दिखाते हुए चित्र में दी गई चीज़ों के अंग्रेजी नाम बताने को कहना \|<br>7.अब बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>8.बच्चे से पूछना चित्र में क्या-क्या चीज़ें दिख रही है \|<br>9.बच्चे से उसके द्वारा बताई | 1.बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>2.बच्चे को वर्कशीट में दिए गए चित्र सम्बंधित अंग्रेजी भाषा में लिखे प्रश्नों को एक-एक करके पढ़ने के लिए कहना \|<br>3.यदि बच्चे को प्रश्न पढ़ने में कठिनाई महसूस हो तो उसका हिंदी रूपांतरण पढ़कर बताया जा सकता है\|<br><br>नोट:-<br>प्रश्नों का हिंदी रूपांतरण इस प्रकार है\|<br>i) -------is kept on table. (clock/sun)<br>मेज़ पर ---------रखी है। (घड़ी/सूरज)<br>ii) What is the colour of shirt? (orange/green)<br>कमीज़ कौन से रंग की है ? (नारंगी/हरा)<br>iii) What time of the day it is?<br>a) morning b) evening c) night<br>यह दिन का कौन सा समय है ?<br>a) सुबह b) शाम c) रात<br>iv) Who is sitting on the bed? (boy/girl)<br>बिस्तर पर कौन बैठा है? (लड़का/लड़की) | 1.बच्चे को चित्र वर्णन हेतु दिए गए चित्र को दिखाना \|<br>2.बच्चे को चित्र का उपयुक्त शीर्षक अंग्रेजी भाषा में लिखने को कहना \|<br>3.अब बच्चे को चित्र का विवरण करते हुए अंग्रेजी भाषा में पाँच से छह वाक्य लिखने को कहना \|<br>4.यदि बच्चा लिखने में असमर्थ हो तो अंग्रेजी भाषा में मौखिक तौर पर उत्तर दे सकता है \| |

| | | |
|---|---|---|
| गई चीज़ों के अंग्रेजी नाम बताने को कहना ।<br>10.बच्चे से यह पूछना कि चित्र देखकर उन्हें क्या समझ आ रहा है।<br>11.बच्चे को उत्तर देने के दौरान परिचित अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना । | v) There is ----------- window in the room. (one/two)<br>कमरे में कितनी खिड़कियाँ है? (एक/दो)<br><br>4.बच्चे को वर्कशीट देना एवं उसमें पूछे गए प्रश्नो के उत्तर अंग्रेजी भाषा में बताने/लिखने को कहना। | |
| **आवश्यक सामग्री** | | |
| चार्ट, वर्णन हेतु चित्र। | वर्कशीट, पेन/पेंसिल। | वर्कशीट, पेन/पेंसिल। |

**चित्र/वर्कशीट का प्रारूप-**

**स्तर- 1**




**स्तर-1 और 2**



**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 1**

**(स्तर - 2)**

**नाम - _______________** **दिनांक-_____________**

**कक्षा- _______________**

**Look at the given picture and answer the following questions.**

(दिए गए चित्र को देखिए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।)



i) _____________ is kept on table. (clock/sun)

ii) What is the colour of shirt? (orange/green)

iii) What time of the day it is?
   a) morning
   b) evening
   c) night

iv) Who is sitting on the bed? (boy/girl)

v) There is _____________ window in the room. (one/two)

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या -1**

**(स्तर -3)**

**नाम -** ________________ **दिनांक-**_______________

**कक्षा-** ________________

**Look at the given picture. Give a suitable title to it and write 5-6 lines about it.**

(दिए गए चित्र को देखिए। इसका एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए एवं इसके बारे में 5-6 वाक्य लिखिए।)



## (II) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): English

**2.गतिविधि का नामः- पत्र लेखन (Letter Writing)**

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | शैक्षणिक(एकेडेमिक्स) विकास। |
| **अधिगम लाभ** | संज्ञानात्मक(कॉगनीटिव) विकास, सामाजिक विकास, लेखन कौशल का विकास एवं अभिव्यक्ति (भाषा) को बढ़ाना। |

| **2(क) गतिविधि स्तर- 1** |
|---|
| अंग्रेजी भाषा में पत्र लिखना। |
| **प्रक्रिया** |
| 1.बच्चे से पूछना कि क्या आपने कभी किसी को letter (पत्र) लिखा है?<br>2.बच्चे को पत्र सम्बंधित अपने विचार व्यक्त करने का मौका देना ।<br>3.अब बच्चे को पत्र (letter) से सम्बंधित जानकारी देना जैसे- पत्र दोस्त/भाई/बहन/परिजनों को भेजते है जो दूर रहते है, पत्र में अपना हालचाल एवं जरूरी जानकारी/खबर लिखते है ।<br>4.बच्चे को नमूने में दिए गए चार्ट को दिखाना ।<br>बच्चे को चार्ट की सहायता से बताना कि अंग्रेजी के पत्र लेखन को हम निम्नलिखित पाँच भागों में बाँटते है:-<br>i)Heading (हैडिंग)- इस भाग में पत्र लिखने वाले का पता एवं पत्र लिखने की तारीख लिखते है ।<br>उदाहरणः- B-1, Vasant Kunj<br>New Delhi<br>28.12.20<br><br>ii)Greeting (ग्रीटिंग)- पत्र के दूसरे भाग में अभिवादन शब्द का प्रयोग संबंध के अनुसार नाम के साथ किया जाता है।<br>उदाहरणः- Dear Friend, Respected Father, My dear Geeta<br>iii)Body (बॉडी) – पत्र के तीसरे भाग में अपनी इच्छानुसार मूल बातें लिख कर अपने विचार/भाव व्यक्त करते है । इसमें परिस्थिति और आवश्यकतानुसार विषय में परिवर्तन हो जाता है ।<br>उदाहरणः- How are you? I hope you are having fun at home.......... (आप कैसे हो? आशा करती हूँ घर पर आप मज़े कर रहे होंगे ।..........)<br>iv)Closing (क्लोजिंग)- पत्र का यह चौथा भाग विषय वस्तु (बॉडी) की समाप्ति के बाद बायीं तरफ नीचे लिखा जाता है ।<br>उदाहरणः- Your friend, Yours lovingly<br>v)Name and Signature (नेम एंड सिगनेचर) – पत्र के पाँचवे भाग में पत्र लिखने वाले का नाम/ हस्ताक्षर होते है ।<br>उदाहरणः- Rita, Anita<br>5.अब बच्चे को दिए गए पत्र का नमूना दिखाना जो पत्र के भागों के अनुसार अलग-अलग रंगों (कलर कोडिंग) से दर्शाया हुआ है, जैसे:-<br>हैडिंग (हरा), ग्रीटिंग (लाल), बॉडी (नीला), क्लोजिंग (पीला) एवं नेम/सिगनेचर (गुलाबी)<br>6.बच्चे को नमूने में दिए हुए पत्र में एक-एक कर पत्र के भागों को दिखाना एवं समझाना ।<br>7.बच्चे से पूछना कि वह सबसे पहले किसको पत्र लिखना चाहता/चाहती है ? |

8.अब बच्चे को पहली वर्कशीट देना एवं निम्नलिखित निर्देशानुसार अंग्रेजी भाषा में पूरा करने को कहना:-

i) पहले बॉक्स में अपना पता और पत्र लिखने की तारीख लिखने को कहना |

ii) दूसरे बॉक्स में उनका नाम/सम्बन्ध लिखने को कहना जिसको वह पत्र लिखना चाहता है (दोस्त/भाई/बहन/परिजन) |

iii) तीसरे बॉक्स में बच्चे को विषय सम्बंधित (घर में समय का सदुपयोग) कुछ वाक्य लिखने को कहना (क्षमतानुसार कुछ शब्द अथवा चित्र बनाने को भी कह सकते है) |

iv) चौथे बॉक्स में बच्चे को अपना नाम लिखने को कहना |

9.आवश्यकतानुसार बच्चे को मौखिक /सांकेतिक सहायता प्रदान करना |

10.बच्चे को इसी प्रकार अन्य परिजनों/दोस्तों /भाई/बहन को अंग्रेजी भाषा में पत्र लिखने का अभ्यास कराना |

11.अब बच्चे को दूसरी वर्कशीट देना जिसमें पत्र के भागों के अनुसार कलर कोडिंग दी हुई है |

12.बच्चे को निर्देश व क्षमता अनुसार दिए गए विषय (घर में समय का सदुपयोग) पर पत्र लिखने को कहना |

13.आवश्यकतानुसार बच्चे को मौखिक/सांकेतिक सहायता प्रदान करना |

14.बच्चे को स्वतंत्र रूप से विभिन्न विषयों (Diwali Celebration, Summer Vacation etc.) पर अंग्रेजी भाषा में पत्र लिखने को प्रेरित करना |

**आवश्यक सामग्री**

वर्कशीट, पेन/पेंसिल, स्केच पेन।

**चित्र/वर्कशीट का प्रारूप**




B-1, Vasant Kunj
New Delhi
28-11-2020

Dear Sita

How Are you? I hope you are having fun at home. Have you done some creative things at home? I have made photo-frame out of waste material kept at home. You too can try something new! I hope you will write back soon.

Your Friend
Reema

वर्कशीट

गतिविधि संख्या-2

(स्तर - i)

नाम - ________________ दिनांक-______________

कक्षा- ________________

**Write a letter to a friend on effective use of time at home by filling the box.**

**खाली बॉक्स को भरते हुए "अपने मित्र को घर पर समय का सदुपयोग" से सम्बंधित लिखे पत्र को पूरा करें। (नोट:- बच्चा विषय वस्तु के स्थान पर क्षमतानुसार कुछ शब्द अथवा चित्र भी बना सकता है)**

**Dear** ________

**Your friend**

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 2**

**(स्तर - ii)**

**नाम - ________________** **दिनांक-_______________**

**कक्षा- ________________**

**Write a letter to your friend regarding effective use of time at home.**
**(अपने मित्र को पत्र लिखें जिसमें "घर पर समय के सदुपयोग" के बारे में बताएँ।)**


## (II) शैक्षणिक(एकेडेमिक्स): English

**3.गतिविधि का नाम :कविता पढ़ने का कौशल/पठन कौशल।**

| | |
|---|---|
| **लक्ष्य** | बच्चा poem (कविता) को पढ़कर उसका भाव समझ सकेगा। |
| **अधिगम लाभ** | बच्चा कविता के माध्यम से भावों की अभिव्यक्ति को समझ सकेगा। बच्चा कविता के द्वारा विभिन्न रसों की अभिव्यक्ति और लय को समझ सकेगा। |

| 3 (क) गतिविधि स्तर 1 | 3(ख)गतिविधि स्तर 2 | 3 (ग) गतिविधिस्तर 3 |
|---|---|---|
| Class 1 Unit I<br>Poem **"A Happy Child "** | Class 5 Unit IX<br>Poem **"Sing a song of people"** | Class 7 Unit III<br>Poem **"The Shed"** |
| | **प्रक्रिया** | |
| 1.नीचे दी गई कविता (poem) अपने घर के बारे में है।<br>2.बच्चे से अपने घर के बारे में दो से चार लाइनें बताने को कहें।<br>3.बच्चे को कविता (poem) पढ़कर सुनायें।<br>4. कविता (poem) को गाकर सुनाने के लिए ऑडियो का सहारा ले सकते हैं।<br>5.बच्चे को कविता (poem) अपने पीछे-पीछे दोहराने को कहें।<br>6.बच्चे को हर पंक्ति का अर्थ समझाएं। | 1. नीचे दी हुई कविता **"Sing a song of people"** शहर की भाग-दौड़ भरी ज़िन्दगी के बारे में है।<br>2. बच्चे को कविता (poem) गाकर सुनाएं।<br>3. बच्चे को अपने साथ-साथ कविता (poem) गाकर दोहराने को कहें।<br>4. जरूरत पड़ने पर ऑडियो का सहारा लें।<br>5. बच्चे को समझाएं कि किस तरह शहर में लोग अलग-अलग तरह से ज़िन्दगी जीते हैं। | 1.नीचे दी गई कविता (**Poem**) एक छप्पर (**Shed**) के बारे में है।<br>2.कविता में पुराने छप्पर और उसके धूल भरे वातावरण के बारे में भी बताया गया है। छप्पर का प्रयोग अक्सर औजार रखने, सामान रखने और पशुओं को रखने के लिये किया जाता है ।<br>3.बच्चे के साथ उसके घर के आस-पास के वातावरण के बारे में चर्चा करें।<br>4.बच्चे को कविता (poem) गाकर सुनाएं।<br>5.बेहतर समझ के लिए बच्चे को ऑडियो भी सुनाया जा सकता है। |

## वर्णन/Explanation:




My house is red - a little house;

मेरा घर लाल रंग का है - मेरा छोटा सा घर;

A happy child am I.

मैं एक खुश बच्चा हूं।

I laugh and play the whole day long,

मैं पूरे दिन हंसता-खेलता रहता हूं,

I hardly ever cry.

मैं बहुत कम रोता हूं।

I have a tree, a green, green tree,

मेरे घर के पास एक हरा-भरा पेड़ है।

To shade me from the sun;


जो मुझे धूप से बचाता है।


And Under it I often sit,

और मै अक्सर उस पेड़ के नीचे बैठता हूं।

When all my play is done.

जब मेरा खेल खत्म हो जाता है।



Sing a song of people

Walking fast or slow;

धीरे अथवा तेज़ चलने वाले लोगों पर एक गाना गाते हैं।

People in the city, Up and down they go.

शहर में लोग ऊपर-नीचे आते-जाते हैं।

People on the side walk,

लोग सड़क के किनारे हैं,

People on the bus;

लोग बस पर हैं

People passing, passing,

In back and front of us.

लोग हमारे सामने और पीछे से गुज़र रहे हैं।

People on the subway,


Underneath the ground;

लोग सड़क के नीचे, रास्ते में भी चल रहें हैं।

People riding taxis

Round and round and round.

लोग गाड़ी में पूरा दिन शहर के




There's a shed at the bottom of our garden

हमारे घर के आंगन में एक छप्पर है।

With a spider's web hanging across the door,

एक मकड़ी का जाला उस छप्पर के दरवाज़े पर लटक रहा है।

The hinges are rusty and creak in the wind.

दरवाज़े के कब्जों पर जंग लगा है और वो चर्र की आवाज़ करते हैं।

When I'm in bed I lie and I listen.

जब मैं रात में अपने बिस्तर पर लेट जाता हूं तब मैं वो आवाज़ सुनता हूं,

I'll open that door one day.

मैं एक दिन उस दरवाज़े को खोलूंगा (जब मैं बड़ा हो जाऊंगा)।

There's a dusty old window around at the side

उस छप्पर के एक ओर धूल भरी पुरानी खिड़की है

With three crackled panes of glasses.

जिसके कांच के तीन शीशे टूटे पड़े हैं।

I often think there's someone staring at me

Each time that I pass,

जब भी में उस छप्पर के पास से गुजरता हूं तो मुझे अक्सर ऐसा लगता है कि कोई मुझे उस खिड़की से देख रहा है।

I'll peep through that window one day.

मैं एक दिन उस खिड़की के अंदर झाँकूंगा।

My brother says there's a ghost in the shed

चक्कर लगा रहे हैं।

People with their hats on,

Going in the doors;

टोपी पहनकर लोग घरों के अन्दर भी चले जा रहे हैं। (टोपी पहन कर किसी के घर में घुसना असभ्यता दर्शाता है)

People with umbrellas

When it rains and pours.

जब भी बारिश होती है लोग शहरों में छाता लेकर घूमते हैं।

People in tall buildings

And in stores below;

लोग बड़ी इमारतों में भी हैं और छोटी दुकानों में भी हैं।

Riding elevators

Up and down they go.

लोग स्वयं चलित सीढ़ी से ऊपर और नीचे जा रहे हैं।

Peolple walking singly,

People in a crowd;

लोग अकेले चल रहे हैं,

लोग भीड़ में हैं।

People saying nothing,

People talking loud.

कुछ लोग चुप रहते हैं, तो कुछ लोग ज़ोर से चिल्लाकर बात करते हैं।

People laughing, smiling,

Grumpy people too;

लोग हंस रहे हैं तो कुछ मुस्कुरा रहे हैं और कुछ लोग गुस्से में भी दिख जाते हैं।

People who just hurry

And never look at you!

कुछ तो बेहद जल्दी में होते है जो कभी तुम्हारी तरफ देखते भी नहीं!

Sing a song of people

Who like to come and go;

उनके लिए गाना गाते हैं जो लोग आते हैं और जाते हैं ।

Sing of city people

You see but never know!

उन शहरी लोगों के लिए गाना गाते हैं जिन्हें तुम देखोगे पर उन्हें तुम कभी जानोगे नहीं!

मेरा भाई कहता है कि उस छप्पर में एक भूत रहता है।

Who hides under the rotten floorboards,

वो सड़ी हुई ज़मीन की परतों के नीचे रहता है।

And if I ever dare to set my foot inside

He'll jump out and chop off my head,

अगर मैंने कभी उस छप्पर के अंदर जाने की हिम्मत की तो वह भूत मेरे ऊपर कूद कर आ जाएगा और मेरे सिर के टुकड़े-टुकड़े कर देगा

But I'll take a peek one day.

लेकिन फिर भी एक दिन मैं उस छप्पर के अंदर झाँकूंगा।

I know that there isn't really a ghost,

मुझे पता है कि वहां कोई भूत नहीं है,

My brother tells lies to keep the shed for his den;

मुझे पता है मेरा भाई मुझसे झूठ बोलता है जिससे कि वो छप्पर उसी का रहे।

There isn't anyone staring or making strange noises

वहां पर ऐसा कोई नहीं जो देख रहा हो और अजीब सी आवाजें निकाल रहा हो।

And the spider has been gone from his web

since I don't know when.

और वो मकड़ी भी अपने जाले को छोड़कर जा चुकी है लेकिन मुझे नहीं पता कब।

I'll go into that shed in one day soon,

मैं उस छप्पर में एक दिन जरूर जाऊंगा।

But not just yet...

लेकिन अभी नहीं।

वर्कशीट

गतिविधि संख्या- 3

(स्तर- i)

Name: ……………………                                                                                    Date: ……………………..

Class: ………………………..

# 1. colour the given picture:


a. Colour of house is



b. Colour of tree is



c. Colour of sun is



d. Colour the happy face



## 2. Learn New words:

a. Little –
b. Happy –
c. Green –
d. Sit -

वर्कशीट

गतिविधि संख्या- 3

(स्तर- ii)

**Name: ……………………** **Date: ……………………..**

**Class: ………………………..**

**Sing a song of people**

1. **New Words:**
   a. Subway-
   b. Underneath-
   c. Elevators-
   d. Grumpy-

2. **Opposite words: -**
   a. Fast- ____________
   b. Up- ______________
   c. Back- _____________
   d. Come- ___________
   e. Tall- ______________

3. **Some words are given in the cloud below .Place them in the given column whether they belong to city or village.**

Metro
Horse-cart
Bullock-cart
Car
Farms
Earthen house
Tall Buildings
Train
Tractor
Factory

| City | Village |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**वर्कशीट**

**गतिविधि संख्या- 3**

**(स्तर- ii)**

**Name…………………….** **Date……………………..**

**Class……………………..**

**1. Read the passage carefully and answer the following questions.**

**"My brother tells lies to keep the shed for his den**
**There isn't anyone staring or making strange noises.**
**And the spider has been gone from his web since I don't know when.**
**I'll go to that she'd in one day soon**
**But not just yet"**

I) Why does the brother lies to the child?

ii) Who made strange noises at night?

iii) What does the poet plans to do in future?

iv) Where has the spider gone?

v) Give the antonym of **looking.**

**2. Write few lines about shed.**

**3. Find the meaning of following words.**

| WORDS | MEANING |
|---|---|
| Shed | |
| Strange | |
| Staring | |
| Web | |
| Den | |

रफ कार्य हेतु


पूर्व पठन कौशल
पूर्व लेखन कौशल
विज्ञान
पूर्व गणितीय कौशल
गणितीय कौशल
अंग्रेजी
हिन्दी
सामाजिक विज्ञान